# बालमन

Powered by Teachers of Bihar

## वर्ष 2023

## माह अक्टूबर

## अंक 22



**प्रधान संपादक :-धीरज कुमार [U.M.S. सिलौटा , भभुआ (कैमूर)]**


Dheeraj Kumar- +91 9431680675

Teachers of Bihar - +91 7250818080

info@teachersofbihar.org | teachersofbihar@gmail.com

www.teachersofbihar.org

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,

(मो०–8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)




# “शुभकामना संदेश”

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्देश्य से **“बाल मन कैमूर”** पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में साकारात्मक सोंच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए **“बाल मन कैमूर”** के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

# सम्पादकीय

## प्यारे बच्चों,



**नमस्कार**

हमारा देश विश्व में अपनी एक विशेष पहचान रखता हैं।यह विशेष पहचान हमारी सभ्यता और संस्कृति से है।एक ख़ास पहचान महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी से भी है। इस महीने उनके साथ कई महान विभूतियों के जन्मदिन पर सभी को नमन करते है। बच्चों!इस माह दुर्गापूजा का पर्व भी है।आप सभी भीड़ भाड़ से बच कर रहेंगे साथ ही अपने माता पिता के बातो को सुनेगे भी।इस नवरात्र में हम सभी संकल्प ले की भारत को प्लास्टिक मुक्त करने में हम अपना सहयोग करेंगे।

बच्चो !दिन - प्रतिदिन बालमन टीम द्वारा प्राप्त पोस्ट से आपके उत्साह को देख कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। पत्रिका के इस अंक को आपको समर्पित करते हुए हमे बहुत खुशी हो रही है। आज का जमाना सोशल मीडिया का है।यदि आपके पास कला है तो उसे अपने शिक्षको से जरूर साझा करे और बालमन की टीम के माध्यम से उसे जरूर हम तक जरूर पहुंचाए।इसके साथ ही मासिक टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में शामिल होने के आप सभी को धन्यवाद।

हमारी TOB बाल मन कैमूर पत्रिका की टीम बेहतर से बेहतर करने के लिए सदा प्रयत्नशील है।अनजाने में कोई भूल या त्रुटि हुई हो तो उसके लिए हम क्षमाप्रार्थी है।हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

आपका

धीरज कुमार
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा
भभुआ( कैमूर )
मो . 9431680675

TEACHERS OF BIHAR

बालमन कैमूर

## प्रधान सहयोगी सदस्य

बालमन चांद प्रधान संपादक : प्रमोद कुमार "निराला"

(कन्या मध्य विद्यालय चांद, चांद)

बालमन कुदरा प्रधान संपादक : कमलेश कुमार

(UHS केवढी , कुदरा))

विज्ञान कॉर्नर: राजेश कुमार सिंह और प्रतिभा पाण्डेय

(महाबल भृंगनाथ +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय कोरिगांवा बहेरा ,भभुआ)

दर्शनीय स्थल सह रोचक गणित : कुमार राकेश मणि

(UHS कोटा, नुआंव )

कविता संग्रह टीम लीडर : खुशबू कुमारी

(उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुघरा, भभुआ)

# Teachers of Bihar

## बालमन

# अनमोल विचार

मनुष्य की अच्छाई ज्योति के समान है, जिसे छुपाया तो जा सकता है लेकिन बुझाया नहीं जा सकता।



- नेल्सन मंडेला

# बिहार राज्य प्रार्थना गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

एम. आर. चिश्ती

www.teachersofbihar.org

# बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

- सत्यनारायण

# टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसे आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसी दुनिया,
हौसला और अपनी मंज़िल से,
सब नजारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखेरेगी
और प्रतिभा सबकी निखेरेगी,
खींच लेंगे गगन से इंद्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही है
जो हज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....

हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

www.teachersofbihar.org

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन प्रेरक प्रसंग

अक्टूबर 2023




## ज्ञान की चार बात




एक राजा के महल में एक सुंदर वाटिका थी, जिसमें अंगूरों की एक बेल लगी थी। वहां रोज एक चिड़िया आती और मीठे अंगूर चुन-चुनकर खा जाती और अधपके और खट्टे अंगूरों को नीचे गिरा देती।

माली ने चिड़िया को पकड़ने की बहुत कोशिश की पर वह हाथ नहीं आई। हताश होकर एक दिन माली ने राजा को यह बात बताई। यह सुनकर राजा को आश्चर्य हुआ। उसने चिड़िया को सबक सिखाने की ठान ली और वाटिका में छिपकर बैठ गया।

जब चिड़िया अंगूर खाने आई तो राजा ने तेजी दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। जब राजा चिड़िया को मारने लगा, तो चिड़िया ने कहा, हे राजन, मुझे मत मारो। मैं आपको ज्ञान की 4 महत्वपूर्ण बातें बताऊंगी।'

राजा ने कहा, 'जल्दी बता।'

चिड़िया बोली, 'हे राजन, सबसे पहले, तो हाथ में आए शत्रु को कभी मत छोड़ो।'

राजा ने कहा, 'दूसरी बात बता।'

चिड़िया ने कहा, असंभव बात पर भूलकर भी विश्वास मत करो और तीसरी बात यह है कि बीती बातों पर कभी पश्चाताप मत करो।'



राजा ने कहा, अब चौथी बात भी जल्दी बता दो।'

इस पर चिड़िया बोली, 'चौथी बात बड़ी गूढ़ और रहस्यमयी है। मुझे जरा ढीला छोड़ दें क्योंकि मेरा दम घुट रहा है। कुछ सांस लेकर ही बता सकूंगी।'

चिड़िया की बात सुन जैसे ही राजा ने अपना हाथ ढीला किया, चिड़िया उड़कर एक डाल पर बैठ गई और बोली, ' मेरे पेट में दो हीरे हैं।'

यह सुनकर राजा पश्चाताप में डूब गया। राजा की हालत देख चिड़िया बोली, 'हे राजन, ज्ञान की बात सुनने और पढ़ने से कुछ लाभ नहीं होता, उस पर अमल करने से होता है। आपने मेरी बात नहीं मानी।

मैं आपकी शत्रु थी, फिर भी आपने पकड़कर मुझे छोड़ दिया।

मैंने यह असंभव बात कही कि मेरे पेट में दो हीरे हैं फिर भी आपने उस पर भरोसा कर लिया।

आपके हाथ में वे काल्पनिक हीरे नहीं आए, तो आप पछताने लगे।

सोशल मीडिया से

अमरेन्द्र कुमार

# विश्व के धरोहर

## हम्पी



हम्पी मध्यकालीन हिंदू राज्य विजयनगर साम्राज्य की राजधानी थी। तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित यह नगर अब हम्पी (पम्पा से निकला हुआ) नाम से जाना जाता है और अब केवल खंडहरों के रूप में ही अवशेष है। इन्हें देखने से प्रतीत होता है कि किसी समय में यहाँ एक समृद्धशाली सभ्यता निवास करती होगी। भारत के कर्नाटक राज्य में स्थित यह नगर यूनेस्को के विश्व के विरासत स्थलों में शामिल किया गया है। हर साल यहाँ हज़ारों की संख्या में पर्यटक और तीर्थयात्री आते हैं। हम्पी का विशाल फैलाव गोल चट्टानों के टीलों में विस्तृत है। घाटियों और टीलों के बीच पाँच सौ से भी अधिक स्मारक चिह्न हैं। इनमें मंदिर, महल, तहख़ाने, जल-खंडहर, पुराने बाज़ार, शाही मंडप, गढ़, चबूतरे, राजकोष.... आदि असंख्य इमारतें हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**सूअर पसीने की ग्रंथियों के बिना पैदा होते हैं, इसलिए जब उन्हें ठंडा करने की आवश्यकता होती है, तो उनके लिए एकमात्र विकल्प मिट्टी का एक ठंडा पोखर ढूंढना होता है इसलिए सूअर ज्यादातर कीचड़ मे पड़े रहते है।**

1 मिनट में 5 अंतर खोजे

आप तैयार है न......





# ToB बालमन कलाकार

## भाग - 1



UMS BAHERIYAN
(CHAND) KAIMUR



अभिषेक कुमार
विद्यालय : प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर (मोहनियां)
वर्ग - 5 जिला - कैमूर



**Muskan khatoon**
**UMS Manpur BIUR**
**(चैनपुर) कैमूर**



पवन कुमार,वर्ग 4
U.H.S. कोटा (नुआंव)



आकाश कुमार ,वर्ग 5
UMS मुशिया (नुआंव)

# ToB बालमन कलाकार भाग 2



लक्ष्मीना कुमारी और मुन्नी कुमारी
वर्ग 7
UMS सिलौटा (भभुआ)



प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर, मोहनियां (कैमूर)




संतोष कुमार
सरौनी कला (मधेपुरा)

# ToB बालमन कलाकार
# भाग 3



खुशी कुमारी
UMS DHOBHA , CHAND





Abhishek Kumar
class 5
PS Mohammadpur
mohniya (Kaimur)



अर्पिता कुमारी
वर्ग-8
UHS SALTHUA




अनुप्रिया कुमारी
वर्ग 8
UHS छोटका कटरा
मोहनिया



नुजहत जहां
वर्ग5
उर्दू प्राथमिक विद्यालय अखलासपुर
भभुआ



आंशिका कुमारी, क्लास-7
UHS सलथुआ, कुदरा कैमूर
पुराने कूट से निर्माण प्रतियोगिता हेतु



श्रेया कुमारी
वर्ग 9
गर्ल्स हाई स्कूल
भभुआ
कैमूर

# ToB बालमन नन्हें कलाकार भाग 4









**U.M.S. दुघरा,भभुआ कैमूर**



**U.H.S कोटा ,नुआंव कैमूर**



**U.M.S. सिलौटा, भभुआ कैमूर**

# ToB बालमन कलाकार भाग 5



















प्रियंका कुमारी कक्षा 7 मध्य विद्यालय पाटी




UHS छांव, दुर्गावती



# एक नजर इधर भी....


NPS खनेठी रामगढ़



UMS सिलौटा भभुआ




प्राथमिक विद्यालय जगरिया, चैनपुर


UHS हरदासपुर, कुदरा

# दुर्गा पूजा विशेष




UHS सलथुआ, कुदरा



NPS कझार घाट, कुदरा




UMS दुघरा, भभुआ

# स्वास्थ्य सुझाव

अमरेंद्र कुमार



## जिम जाने की जगह जॉगिंग पर जाएं

एक्सर्साइज़ करने के लिए जॉगिंग बिना लागत का एक शानदार तरीका है। अपने लोकल जिम की महंगी मेंबरशिप कैंसल करें और इसकी जगह पर ट्रैकिंग करना शुरू करें। यहां तक कि हर रोज सिर्फ 1 घंटे दौड़ने से आपकी हेल्थ में महत्वपूर्ण परिवर्तन आ सकता है।

ToB बालमन

# अज़ब-गज़ब

अक्टूबर 2023

**1. खट्टा शहद ब्राजील के जंगलों में पाया जाता है।**



**2. सऊदी अरब ऐसा देश है, जहां एक भी नदी नहीं है।**



**3. कटलफिश नामक मछली का खून नीला होता है।**



**4. नार्थ कोरिया में आप अपनी मर्जी के टीवी चैनल नहीं देख सकते। वहां पर आप वही टीवी चैनल देख सकते है जो सरकार आपको दिखाना चाहे और अगर आप इसका विरोध करते हो तो आपको फांसी तक की सजा भी हो सकती हे।**



**5.लगभग 200 करोड़ से ज्यादा लोग अपने नियमित आहार में कीड़े मकोड़े खाते है और अपना पेट भरते है।**



ToB बालमन

# थोड़ा मुस्कुरा भी दो ....

अक्टूबर 2023

**छोटू : पापा कल हम मालामाल हो जायेंगे।**

**पापा : वह कैसे बेटा ?**

**छोटू : कल हमारे गणित वाले सर पैसे को रुपए में बदलना सिखाएंगे !**



.................................................................

**पिता: बेटा 5 के बाद क्या आता है?**

**बेटा: 6 और 7 पापा**

**पिता : शाबाश !मेरा बेटा तो बहुत तेज है ...अच्छा तो 6, 7 के बाद..**

**बेटा: 8, 9,10**

**पिता :और उसके बाद?**

**बेटा: और उसके बाद ग़ुलाम, बेगम और बादशाह!**




# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 1

सुहानी सुमन
जिला समस्तीपुर



शुभम कुमार
UMS बड़हरिया, चांद (कैमूर)






Gulnaj khatun class 2 Urdu ps karwandia chand(Kaimur)




श्वेता कुमारी ,वर्ग -6, उत्क्रमित मध्य विद्यालय_ खजरा मोहनिया कैमूर

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 2

बालमन

आपके पेंटिंग



priyanshu Kumari class 5

P s khanethi



मंशा कुमारी
उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहुआरा भभुआ



संतोष कुमार
सरौनी कला (मधेपुरा)



अंशु कुमार ,वर्ग 5 UHS सरौनी कला मधेपुरा



प्राथमिक विद्यालय रामपुर
भभुआ- कैमूर

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 3




UHS सलथुआ, कुदरा (कैमूर)




उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा, भभुआ (कैमूर)



शुभम कुमार
UMS बड़हरिया, चांद (कैमूर)





अंकित पाल
मध्य विद्यालय जहानाबाद, कुदरा (कैमूर)



लक्ष्मी कुमारी
मध्य विद्यालय सरौनी कला, (मधेपुरा)















# ToB बालमन
# आपके पेटिंग भाग 4















MS AKHLASPUR ‹BHABUA

UMS SILAUTA ‹BHABUA -







UHS MUSHIYA‹‹‹NUAOV





UMS awanti ‹Nuaov

ToB बालमन आपके पेंटिंग
भाग 5



Mahima
UMS BAHUWARA ‹BHABHUA



UPS KARWANDIYA ‹CHAND

# पेन और पेंसिल आर्ट














Ms जहानाबाद,sc ‘KUDRA


PS जगरिया, चैनपुर



NPS बेतरी बिंद टोला,भभुआ







UMS padhi, Chand




ToB बालमन के लिए बच्चो का प्यार

Thank you

# Teachers of Bibar

## बालमन



### आपकी बात

अपने सरकारी विद्यालयों के इन बच्चों को देखकर, इनके हुनर और प्रतिभा को देखकर मन बहुत ही प्रफुल्लित हो रहा है।

इन बच्चों के भविष्य के निर्माता आपसभी गुरुजनों को सहृदय धन्यवाद है जो हमारे समाज में ऐसे हीरों को तरास रहे हैं।

क़ाबिल होना बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात है अपनी काबीलियत को सिद्ध करना। और TOB बालमन के इस मंच से हमारे सरकारी विद्यालयों के होनहार प्रतिभावान बच्चे और उन बच्चों के अभिभावकों एवं  उनके शिक्षकों की काबीलियत झलक रही है।

*सभी बच्चों को स्नेह आशीष एवं गुरुजनों को अशेष धन्यवाद और शुभकामनाएं हैं।*



🙏🙏🙏🙏

विवेक कुमार( प्रभारी प्रधानाध्यापक )

N.P.S. सरियांव, मोहनियां (कैमूर)

मेरा नाम नेहा कुमारी है। मैं उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा नुआंव मे वर्ग 9 की छात्रा हूं।टीचर्स ऑफ बिहार बालमन पत्रिका के बारे में हमे जानकारी अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक सर और कामिनी मैडम के माध्यम से हुई। हम सभी पहले भी अपनी कला को विद्यालय में शिक्षको और विद्यार्थियों के बीच प्रदर्शित करते रहते थे।जब से बालमन पत्रिका की शुरुआत हुई है अब हमारे प्रतिभा को एक मंच मिल गया है,मानो एक नई उड़ान मिल गई हो।सबसे अच्छी बात तो अब मासिक टैलेंट सर्च प्रतियोगिता के आयोजन से हमारा उत्साह बहुत बढ़ गया है।मैं और मेरे विद्यालय के सभी विद्यार्थी टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा बालमन पत्रिका और प्रधान संपादक महोदय का बहुत बहुत धन्यवाद करती हूं।



नेहा कुमारी (छात्रा)वर्ग 9

UHS कोटा,नुआंव (कैमूर)

बालमन

# TOB बूझो तो जानें..

धीरज कुमार

व्यक्ति विशेष जन्मदिन स्पेशल


अक्टूबर 2023

**1**

दुनिया जिनको बापू कहती,
अहिंसा के पुजारी थे।
साबरमती के संत भी है कहते,
02 अक्टूबर को जन्मदिन मनाते है।

**2**

भारत के एक ऐसे लाल,
थे बहादुर करते गंगा पार।
अपने काम से बने महान,
जय जवान,जय किसान



**3**

चेहरे पर प्यारी मुस्कान,
मिसाईल मैन से भी होती पहचान।
करते थे सबका सम्मान,
ऐसे थे भारत के राष्ट्रपति महान।

**4**

देश को एकजुट करने वाले सरदार,
जिनको सभी करते है प्यार।
बने देश के प्रथम गृहमंत्री,
जिनकी याद में बनी स्टैचू ऑफ़ यूनिटी

1. महात्मा गांधी 2.लाल बहादुर शास्त्री
3. ए. पी. जे.अब्दुल कलाम
4. सरदार वल्लभ भाई पटेल

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

10 अक्टूबर

मधु प्रिया

## राष्ट्रीय डाक सेवा 10 अक्टूबर

भारतीय डाक
Indian Post

भारतीय डाक की सेवा को राष्ट्रीय डाक दिवस द्वारा सम्मानित किया जाता है, जो हर साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है। भारत में डाक सेवा की व्यवस्था साल 1766 में स्थापित की गई और भारत में पहला डाकघर 1786 में मद्रास में स्थापित किया गया। 1877 में पार्सल सेवा, 1879 में पोस्ट कार्ड, 1880 में मनी आर्डर और 1911 में इलाहाबाद से पहली एयरमेल सेवा शुरू की गई। वर्ष 1766 में यानी 252 साल पहले भारत में डाक व्यवस्था शुरू हुई। 1774 में वारेन हेस्टिंग्स ने कोलकाता में पहला डाकघर स्थापित किया था। 1852 में भारत में पहली बार चिट्ठी पर डाक टिकट लगाने की शुरूआत हुई थी। 01 अक्टूबर, 1854 को भारत में महारानी विक्टोरिया के चित्र वाला डाक टिकट जारी हुआ था। 1852 में भारत में पहली बार चिट्ठी पर डाक टिकट लगाने की शुरूआत हुई थी। 01 अक्टूबर, 1854 को भारत में महारानी विक्टोरिया के चित्र वाला डाक टिकट जारी हुआ था। 1947 में जारी किए गए पहले स्वतंत्रता टिकटों की संख्या तीन थी। उन्होंने अशोक स्तंभ, (भारत का राष्ट्रीय प्रतीक), भारतीय राष्ट्रीय ध्वज और एक विमान का चित्रण किया। तब से भारत ने 3000 से अधिक डाक टिकट जारी किये हैं।



# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

Monday

### 02 अक्टूबर

1. **अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस–** 'अहिंसा परमो धर्मः।' 'भारत के राष्ट्रपिता' कहे जाने वाले महात्मा गाँधी के जन्म दिवस को पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाता है। 15 जून, 2007 ई. को संयुक्त राष्ट्र महासभा में 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। महात्मा गांधी ने जीवन भर लोगों को शांति और भाईचारा स्थापित करने का संदेश प्रदान किया।
   - **क्या करें?** बच्चों को नागरिक शास्त्र से जोड़कर इस दिवस की चर्चा करें।
2. **महात्मा गाँधी का जन्म–** बच्चों के 'बापू' कहे जाने वाले महात्मा गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 ई. को गुजरात में पोरबन्दर नामक स्थान पर हुआ था। उनके माता का नाम पुतलीबाई और पिता का नाम करमचंद गांधी था। उनके बचपन का नाम मोहनदास था। वकालत की पढ़ाई करने के बाद उन्होंने दक्षिण अफ्रीका से रंगभेद के खिलाफ संघर्ष प्रारंभ किया। भारत लौटने पर भारत के स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। जीवन भर अंग्रेजो के खिलाफ मानव अधिकारों को दिलाने की आंदोलन किया। सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह उनके प्रमुख हथियार थे।
   - **संदर्भ:** बच्चो को इस अवसर पर 'बापू की पाती', 'एक था मोहन', 'गाँधी कथा वाचन' अथवा गाँधी से सम्बन्धित जीवनी के बारे में बताये। वर्ग तीन, कोंपल भाग 1, पाठ 12 से जोड़े।
3. **लाल बहादुर शास्त्री का जन्म–** भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर, 1904 ई. को मुगलसराय (उत्तरप्रदेश) में हुआ था। ये 9 जून, 1964 ई. से 11 जनवरी, 1966 ई. को अपनी मृत्यु तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। वे अपने उदार विचार, विनम्रता, निष्ठा एवं क्षमता के लिए प्रसिद्ध थे। 'जय जवान जय किसान' का प्रसिद्ध नारा उन्होंने ही भारत–पाक युद्ध (1965) के दौरान दिया था।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चो को शास्त्री जी के जीवनी के बारे में बतायें।
4. **बेगूसराय जिला स्थापना दिवस–** 2 अक्टूबर, 1972 ई. को मुंगेर से अलग होकर एक जिला के रूप में बेगुसराय अस्तित्व में आया था। बेगुसराय जिले में 5 अनुमण्डल तथा 18 प्रखण्ड हैं। बरौनी मे ताप बिजली घर, तेलशोधक कारखाना, उर्वरक कारखाना, पेट्रो रसायन कारखाना, शिशु आहार कारखाना आदि प्रमुख है।
5. **गोपालगंज जिला स्थापना दिवस–** गोपालगंज जिले की स्थापना 2 अक्टूबर, 1973 ई. को सारण जिले से किया गया था।



Madhu priya

# ToB बालमन क्विज

अक्टूबर 2023

**1**

बिहार के किस शहर को ग्रीन सिटी भी कहते है ?

A. भागलपुर B. सासाराम

C. भभुआ D. दरभंगा

**2**

बुलंद दरवाजा कहां है?

A. ग्वालियर B. बीकानेर

C. फतेहपुर सीकरी D. उदयपुर

**3**

निम्न में क्या प्रकाश संश्लेषण में आवश्यक नही है ?

A. क्लोरोफिल B. सूर्य प्रकाश

C. जल D. ऑक्सीजन

**4**

सांची स्तूप किस राज्य में स्थित है ?

A.बिहार B.मध्य प्रदेश

C. उत्तर प्रदेश D. अरुणाचल प्रदेश

**5**

विश्व की सबसे लंबी नदी है -

A.नील B. अमेजन

C. गंगा D. इनमें से कोई नहीं

सही उत्तर: 1.C ,2.C ,3.D,4.B,5.A

धीरज कुमार
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा भभुआ कैमूर



# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम
## बिहार सरकार




### निर्देश

1. सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का उद्देश्य है कि विद्यालय के बच्चों में जोखिमों की पहचान एवं उससे बचाव करने की क्षमता, ज्ञान तथा आत्मविश्वास विकसित किया जाए ताकि वे किसी प्रकार के आपदा प्रत्युत्तर के लिए तैयार हो सकें।
2. बाल प्रेरकों द्वारा अन्य सभी बच्चों को एक साथ ज्ञान एवं कौशल स्थानांतरित करने का तरीका अन्य शिक्षण पद्धति से ज्यादा उपयुक्त होता है। अतः बाल प्रेरकों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।
3. प्रत्येक विद्यालय के फोकल शिक्षक सभी बाल प्रेरकों के साथ शनिवार के एक दिन पूर्व वार्षिक–सारणी में निर्धारित गतिविधियों के अनुरूप योजना तैयार करेंगे।
4. सुरक्षित शनिवार की गतिविधियाँ प्रत्येक शनिवार के चेतना सत्र तथा अंतिम सत्र में अनिवार्य रूप से आयोजित करेंगे।
5. जिस माह पाँचवा शनिवार पड़े, उस स्थिति में बच्चों को स्वच्छता संबंधी विषयों के बारे में जानकारी दिया जाए एवं अभ्यास करायें।
6. जुलाई के प्रथम पखवारे (1–15 जुलाई) में विद्यालय सुरक्षा पखवारा तथा 4 जुलाई को विद्यालय सुरक्षा दिवस प्रत्येक विद्यालय में आयोजित होगा। विद्यालय सुरक्षा पखवारे में क्षेत्र विशेष को प्रभावित करने वाली सभी आपदाओं (सुखाड़ सहित) पर आधारित कार्यक्रम किये जायेंगे।
7. स्थानीय विशेष कारणों से सप्ताह में वर्णित गतिविधियों को आगे–पीछे किया जा सकता है।
8. विद्यालय में लंबी छुट्टी होने की स्थिति में बच्चों को गृहकार्य के रूप में विद्यालय सुरक्षा से संबंधित विषयों का अभ्यास एवं उसपर चर्चा करने संबंधी कार्य दिये जाएं।

unicef | for every child

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम
## (सुरक्षित शनिवार)
## माह: अक्टूबर

| | |
|---|---|
| प्रथम शनिवार | दशहरा / छठ / मुहर्रम आदि पर्वों में भीड़ एवं भगदड़ संबधी जोखिम एवं बचाव :(प्राथमिक उपचार सी. पी. आर. सहित)  |
| द्वितीय शनिवार | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी  |
| तृतीय शनिवार | दिवाली के पटाखों एवं प्रदूषण से उत्पन्न स्वास्थ्य संबधी जोखिम एवं बचाव के सन्दर्भ में जानकारी  |
| चतुर्थ शनिवार | सड़क दुर्घटना से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी  |

Designed by Rakesh kumar

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

# चेतना सत्र


प्राथमिक विद्यालय भभुआ 18
प्राथमिक विद्यालय भभुआ वार्ड नं. 11/18


चेतना सत्र उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय छोटका कटरा मोहनियां कैमूर


प्राथमिक विद्यालय पंचगावा, भभुआ


U. M. S. Mahuari bhabhua

## ToB बालमन

# दर्शनीय स्थल



## बिहार पर्यटन: कैमूर वन्यजीव अभ्यारण्य

कैमूर वन्यजीव अभयारण्य बिहार के कैमूर और रोहतास जिले में स्थित है ।यह राज्य का सबसे बड़ा अभयारण्य है और कैमूर रेंज के पठारी परिदृश्य में 1,504.96 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला हुआ है। यह वर्ष 1979 में स्थापित किया गया था। यह दुर्लभ और लुप्तप्राय वनस्पतियों और जीवों का घर है । रोहतासगढ़ किला और शेरगढ़ किला भी इन वनों में स्थित हैं। इसमें कई मेगालिथ, प्रागैतिहासिक युग की रॉक पेंटिंग और एक बीते युग से पत्थर के शिलालेख भी हैं।

यह वन्यजीव अभ्यारण्य बिहार के दक्षिण-पश्चिमी भाग में कैमूर रेंज के रोहतास पठार और कैमूर पठार में स्थित है । घाटी के हिस्सों में कई झरने हैं जिनमें से करकट झरना , मांझर कुंड , धुआ कुंड , तुतला भवानी झरना, गीता घाट झरना, कशिश झरना और तेलहर कुंड सबसे अच्छे हैं । अनुपम झील , करमचट बांध और कोहिरा बांध सहित कई बांध और झीलें हैं ।

कैमूर वन्यजीव अभयारण्य में पाए जाने वाले मुख्य जानवर बंगाल टाइगर , भारतीय तेंदुए , भारतीय सूअर , भारतीय पैंगोलिन , सुस्त भालू , सांभर हिरण , भारतीय मंटजैक , चार सींग वाले मृग , चीतल , नीलगाय और सरीसृप, कीड़े और तितलियों की विभिन्न प्रजातियां हैं। यह निवासी पक्षियों की 70 से अधिक प्रजातियों का घर है, जो साल भर यहां रहते हैं।


कैमूर वन्यजीव अभयारण्य को प्रकृति ने कई मौसमी धाराओं से नवाजा है। मानसून के मौसम में जंगल हरियाली से जगमगा उठता है। यहां का दृश्य काफ़ी मनोहारी है। घूमने का सबसे अच्छा समय मानसून और सर्दियों के मौसम के दौरान है।








UHS कोटा, नुआंव
(कैमूर) बिहार



# महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री जयंती समारोह

गांधी थे पुतलीबाई के
संतान,
उनको जानता है सारा
जहान।
सादगी है उनकी पहचान,
कर गए काम महान।।

गुजरात के पोरबंदर में
जन्मे,
पुतलीबाई के लाल महान।
बचपन का नाम था
मोहनदास करमचंद गांधी,
बदलाव के रूप में ला दिए
आंधी।।

गांधीजी के तीन बंदर,
बुरा मत देखो, बुरा मत
सुनो ,बुरा मत बोलो।
यह सूक्ति भी है आज
महान,
इनका अनुकरण करे सारा
जहान।।



सत्य अहिंसा के पुजारी,
सभी जन के थे प्यारे।
भारत छोड़ो आंदोलन
चलाए,
अंग्रेजों को मार भगाए।।

सत्य अहिंसा का मार्ग
अपनाए,
पूरी दुनिया को संदेश
दिलवाए।
सारी जिंदगी सादगी में
गुजारी,
पूरे राष्ट्र के हो गए पुजारी।।



अशोक कुमार
न्यू प्राथमिक विद्यालय
भटवलिया
नुआंव कैमूर












TEACHERS OF BIHAR


*The Change Makers*

# 02 अक्टूबर 2023





## राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी

(जन्म- 02 अक्टूबर 1869)




## लाल बहादुर शास्त्री

(जन्म- 02 अक्टूबर 1904)




## अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस

कि आप सभी को हार्दिक शुभकामनाए...

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

WWW.teachersofbihar.org

सिकेंद्र कुमार सुमन (कैमूर)

Teachers of Bihar

The change makers

## पुण्यतिथि विशेष 12 अक्टूबर

राकेश कुमार




**राम मनोहर लोहिया** Ram Manohar Lohia, जन्म- 23 मार्च, 1910, क़स्बा अकबरपुर, फैजाबाद; मृत्यु- 12 अक्टूबर, 1967, नई दिल्ली) भारत के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, प्रखर चिन्तक तथा समाजवादी राजनेता थे। राम मनोहर लोहिया को भारत एक अजेय योद्धा और महान् विचारक के रूप में देखता है। देश की राजनीति में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान और स्वतंत्रता के बाद ऐसे कई नेता हुए जिन्होंने अपने दम पर शासन का रुख़ बदल दिया जिनमें एक थे राममनोहर लोहिया।

www.teachersofbihar.org
















02 अक्टूबर दिवस विशेष

















# सुरक्षित शनिवार




UMS सिलौटा, भभुआ




प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर, मोहनियां





NPS बिंद टोला बेतरी, भभुआ



प्राथमिक विद्यालय जगरिया, चैनपुर

# ToB बालमन

अक्टूबर 2023




# रोचक गणित

| | | |
|---|---|---|
| फूटी कौड़ी | से | कौड़ी बना |
| कौड़ी | से | दमड़ी बना |
| दमड़ी | से | धेला बना |
| धेला | से | पाई बना |
| पाई | से | पैसा बना |
| पैसा | से | आना बना |
| आना | से | रुपया बना |




| | | |
|---|---|---|
| 3 फूटी कौड़ी | = | एक कौड़ी |
| 10 कौड़ी | = | एक दमड़ी |
| 2 दमड़ी | = | एक धेला |
| एक धेला | = | डेढ़ पाई |
| 3 पाई | = | 1पैसा (पुराना) |
| 4पैसा | = | एक आना |
| 16आना | = | एक रुपया |

256 दमड़ी = 192 पाई = 128 धेला

128 धेला = 64पैसा(पुराना) = 16आना

16 आना = एक रुपया



कुमार राकेश मणि
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा नुआंव कैमूर

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कविता


### महात्मा गांधी

नाम - शिवेन्द्र कर्ण
कक्षा - 09 क्रमांक - 04
कवि - शिवेन्द्र कर्ण

देखो गाँधी जयंती आई,
सबके चेहरे पर मुस्कान लाई।

भारत के लिए बापू जीते-मरते थें।
आजादी के लिए संघर्ष किया करते थें।

जो कहते वो करके दिखाते थें,
बापू वो कहलाते थें।



वे सबके मन को भाते थे,
हमेशा रघुपति राघव गाते थे।

हमें सत्य अहिंसा का पाठ पढ़ाया;
सारे जग में भारत का मान बढ़ाया।

बापू जैसा काम करेंगे,
सारे विश्व में देश का नाम करेंगे।

धन्यवाद।



शिवेन्द्र कर्ण
वर्ग 9
UHS रांटी
मधुबनी(बिहार)

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कविता

अक्टूबर 2023

माटी को नमन वीरों का वन्दन,
कण-कण मिट्टी लगता चंदन,
धरती अपनी स्वर्ग से प्यारी,
करते हम इसका अभिनंदन।

नमन हमारा इस धरती को,
देव तरसते जिस धरती को,
जन्म लिया है जहां पे हमने,
सजा के रखें माँ भारती को।

सबसे ममता विश्व से प्रीति,
भारत की बस यही है रीति,
मानव जन्म सफल होगा तब,
विश्व शांति की होगी रीति।

स्वराज पथ पर ध्यान रहे,
बस इतना अभिमान रहे,
रहूँ कहीं मैं भारत में पर,
इसकी रक्षा का ज्ञान रहे।

स्वाधीनता के पावन पथ पर,
भारतवासी रहें,,,, अग्रसर,
पुण्य-धरा यह देवालय है,
खुशबू फैलाएँ,, ज्यों केसर।



मिल जाऊं मैं इस धरती में,
मिट जाऊं मैं इस मिट्टी में।
मातृभूमि की रक्षा खातिर,
मिल जाऊँ मैं इस सृष्टि में।

देश जाति का गौरव अपना,
हम भारत के,भारत अपना,
चांद को छूने की अभिलाषा,
हर भारतवासी का सपना।

मंगलमय हो ,,मंगल इच्छा,
हर जन्म में,,, रहे प्रतीक्षा,
तेरी धरा पर जन्म लूं माते,
'दीप' को दे दो प्यारी भिक्षा।



दिलीप गुप्ता ' दीप '
(प्रधानाध्यापक)
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
खीरी,भगवानपुर
(कैमूर)

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कविता

अक्टूबर 2023

# बेटी

विश्व के हर कोने में देखो,
क्या नहीं करती है बेटी।

उत्तर से दक्षिण तक देखो,
पूरब से पश्चिम तक देखो,
त्रेता से सतयुग तक देखो,
द्वापर से कलयुग तक देखो,
क्या नहीं करती है बेटी।

उस प्रतिभा पाटिल से पूछो,
उस किरण बेदी से पूछो,
उस लता मंगेशकर से पूछो,
उस सरोजिनी नायडू से पूछो,
क्या नहीं करती है बेटी।



उस सानिया मिर्जा से पूछो,
उस पी.टी.उषा से पूछो,
उस साइना नेहवाल से पूछो,
खेल जगत में जाकर पूछो,
क्या नहीं करती है बेटी।

उस जुन्को तबेइ से पूछो ,
उस कल्पना चावला से पूछो,
उस सुनिता विलियम्स से पूछो,
चन्द्रलोक में विचरण करके पूछो,
क्या नहीं करती है बेटी।



संगीता कुमारी (शिक्षिका)
UMS अर्रा, मोहनियां (कैमूर)

TEACHERS OF BIHAR

बालमन कैमूर

सितम्बर 2023

# Crossword Puzzle








धीरज कुमार
U.M.S. सिलौटा भभुआ कैमूर

TEACHERS OF BIHAR — THE CHANGE MAKERS

# ToB खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

## जेवलिन थ्रो

**नीरज चोपड़ा वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर के लिए नॉमिनेट:** 11 दिसंबर को होगा विनर का ऐलान; एशियन गेम्स में जीते थे गोल्ड मेडल

### नीरज चोपड़ा के नेशनल अवॉर्ड्स



फोटो मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार की है

| 2018 | 2021 | 2022 |
| --- | --- | --- |
| अर्जुन अवॉर्ड | मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार | पद्म श्री अवॉर्ड |

www.teachersofbihar.org

## वर्ल्ड कप 2023

### वर्ल्ड कप 2023 के टॉप-5 बैटर्स

मोहम्मद रिज़वान



248 रन
मैच 3 | SR 93.58
100/50 - 1/1

डेवोन कॉन्वे



229 रन
मैच 3 | SR 104.09
100/50 - 1/0

रोहित शर्मा



217 रन
मैच 3 | SR 141.83
100/50 - 1/1

क्विंटन डी कॉक



209 रन
मैच 2 | SR 110.00
100/50 - 2/0

कुसल मेंडिस



207 रन
मैच 3 | SR 156.81
100/50 - 1/1

www.teachersofbihar.org

## बालमन कहानी

# मोहन का घमंड

जनभावना मध्य विद्यालय लालगढ़ का एक आदर्श स्कूल था। यहां नामांकन का मतलब था दसवीं में अच्छे अंकों से पास होने की गारंटी।
इस कारण सभी लोग इस स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ाना अपना सौभाग्य समझते थे।



इसी स्कूल में मोहन नाम का एक विधार्थी भी पढ़ता था। वह था तो पढ़ने में अव्वल परन्तु घमंडी था एक नम्बर का। इसलिए लोग उसकी पढ़ाई वाले गुणों को देखने की कोशिश नहीं करते थे।


आज स्कूल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को आकर अपने अपने प्रदर्शन दिखलाने की बारी थी। इस कारण रिहर्सल का काम करने के लिए प्रथम पाली में सबों को बुलाया गया था। सभी बच्चे आकर अपने अपने रोल का रिहर्सल कर, फाइनल सन्ध्या को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए चल दिए।

प्राचार्य को ज्ञात हुआ कि मोहन अपने रोल के रिहर्सल के लिए नहीं आया है। स्कूल के चपरासी से मोहन को खबर भेजी गई कि आकर वह भी अपना रिहर्सल कर ले ताकि सन्ध्या के प्रोग्राम में कोई दिक्कत न हो। प्राचार्य की बात को भी मोहन नहीं माना और कहलवाया कि वह सन्ध्या के प्रोग्राम में सफलता पूर्वक सब मिले रोल को पूर्ण रूप से कर लेगा। प्राचार्य तो मोहन के गुणों से अवगत थे ही इस कारण बात आई और गई। होकर रह गई।

सन्ध्या के समय सभी प्रतिभागियों के द्वारा अपना अपना जौहर दिखलाने की बारी आई। सब अपने रोल को पूरी जिम्मेदारी से निभाने में सफल रहे। मुख्य अतिथि स्कूल इन्स्पेक्टर प्रतिभागियों के प्रदर्शन से खुश दिखाई दे रहे थे। बच्चों में भी अद्भुत खुशी दिख रही थी।

अन्तिम भूमिका मोहन की जिसमें उसे मृदंग बजाने की भूमिका मिली हुई थी। वह इसमें पारंगत भी था परन्तु अपने बडबोले पन के कारण व वह एक सप्ताह से इसका रियाज नहीं कर रहा था। इस कारण स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव पर वह सफल नहीं हो सका। स्कूल के संगीत शिक्षक डॉ. नवीन उपाध्याय ने भी बहुत कोशिश की परन्तु वह सफल नहीं हो सका। आज प्राचार्य की स्कूल में किर-किरी हो गई थी। आज संगीत शिक्षक डॉ. नवीन उपाध्याय सर भी काफी दुखी हो रहे थे। मोहन ने अपने घमंड से स्कूल का नाम खराब कर दिया था।

पुरस्कार वितरण के बाद अपने भाषण में मुख्य अतिथि ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम काफी अच्छा रहा। सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले शुभम को सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार दिया गया।



अंत में अपने समापन भाषण में मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों को सफलता के लिए लगातार प्रयासरत रहने की जरूरत है। इसी लगातार किए गए श्रम से ही सफलता मिलती है। सभी के सामने शुभम की उन्होंने खूब प्रशंसा की। अन्त में मोहन की बात आई तो उन्होंने मोहन का उदाहरण देते हुए कहा कि बच्चों को अतिआत्मविश्वास से बचने की जरूरत है। यह बहुत खराब चीज होती है। यह घमंड को ही जन्म देता है। इसलिए रियाज लगातार करने की जरूरत है। उन्होंने मोहन को सीखने की बात भी कह गए। आज मोहन को सबों के सामने मुख्य अतिथि से अपमानित होते देख प्राचार्य भी दुखी थे। मोहन शर्मिंदा होकर अपने सिर को भी उठाने में शर्म महसूस कर रहा था।

## लेखक परिचय



नाम : डॉ. अशोक
मूल नाम : डॉ. अशोक कुमार शर्मा
जन्म तिथि : 07.05.1960
आवास : पटना
शिक्षा : एम.कॉम., अर्थशास्त्र में एम.ए., पी.एच.डी.।
सम्प्रति : बिहार वित्त सेवा के सेवानिवृत्त राज्य का अपर आयुक्त।

# धातु एवं अधातु कक्षा 10

## धातुओं का निष्कर्षण

पृथ्वी की भूपर्पटी धातुओं का मुख्य स्रोत है।

समुद्री जल में भी सोडियम क्लोराइड, मैग्नेशियम क्लोराइड आदि जैसे कुछ घुलनशील लवण उपस्थित रहते हैं।

पृथ्वी की भूपर्पटी में प्राकृतिक रूप में पाए जाने वाले तत्वों या योगिकों को खनिज कहते हैं।

पृथ्वी की भूपर्पटी ऐलुमिनियम का प्रमुख स्रोत है।

वैसे खनिज जिससे धातुओं का निष्कर्षण करना लाभकारी हो उसे अयस्क कहा जाता है।

**सभी अयस्क खनिज होते हैं परंतु सभी खनिज अयस्क नही होते हैं।**

# विज्ञान कॉर्नर

## अयस्क से धातुओं का निष्कर्षण

अयस्क से धातुओं का निष्कर्षण निम्नलिखित चरणों मे सम्पन्न होता है।

1. अयस्कों की खुदाई (Mining Of Ore)
2. अयस्कों को तोड़कर पिसाई करना (Grinding & Crushing)
3. अयस्कों का सांद्रण
4. सांद्रित अयस्क का धातु के ऑक्साइड में परिवर्तन
5. धातु के ऑक्साइड से धातु का निष्कर्षण
6. धातु का शोधन








TEACHERS OF BIHAR THE CHANGE MAKERS




सरौनी कला
मधेपुरा


Ekta Kumari
Darbhanga
दरभं
गा

# ToB बालमन बिहार


Sarwajet prajapti
अररिया


Khushi Raj
पूर्णिया


कटिहार
दिव्यांशी श्री, वर्ग- 6,मध्य विद्यालय मिरचाईबाड़ी
कटिहार

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 1




UMS ARRA,MOHNIYA



राजकीयकृत मध्य विद्यालय, शिवगंज, डेहरी ऑन सोन, रोहतास




मध्य विद्यालय रांटी, मधुबनी



द्रव में नीचे और बगल की ओर लगाये गये दाब का अवलोकन करते हुए कक्षा आठवीं के छात्र, मध्य विद्यालय बम्हौर

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 2



प्राथमिक विद्यालय जगरिया, चैनपुर (कैमूर)



प्राथमिक विद्यालय तरहनी, कुदरा



UHS महुवारी, भभुआ


UHS मुशिया, नुआंव


UMS कोटा, नुआंव



UMS सिलौटा, भभुआ

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 3



प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर मोहनियां (कैमूर)







उर्दू प्राथमिक विद्यालय अखलासपुर, भभुआ (कैमूर)






# फोटो ऑफ द मंथ भाग 4







UMS अर्रा , मोहनियां मे आयोजित कार्यक्रम



प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर, मोहनियां



प्राथमिक विद्यालय जगरिया चैनपुर



उत्क्रमित उच्च माध्यमिक+2 विद्यालय
बैजनाथ (रामगढ़)
कैमूर में पोषण वाटिका की जानकारी प्राप्त करते हुए।




अपने चित्रकारी के साथ समूह में प्राथमिक विद्यालय पंचगावा भभुआ के बच्चे




प्रगति पत्रक के साथ मिठाई खिला कर प्रोत्साहित करते हुए UMS सिलौटा के शिक्षक

# रंगोली विशेष



NPS ढढणिया, भभुआ (कैमूर)
सुरक्षित शनिवार
U.U.M.S.KOTA.NUAON
रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम उत्क्रमित उच्च माध्यमिक +2 विद्यालय, बैजनाथ, रामगढ़,कैमूर। प्रेषक:-प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह



# TEACHERS OF BIHAR

## 31 OCTOBER

सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# शिक्षा शब्दकोश

[redacted]

## संज्ञानात्मक मनोविज्ञान

संज्ञानात्मक मनोविज्ञान संज्ञान का वैज्ञानिक अध्ययन है। उसका उद्देश्य प्रयोग करना तथा ऐसे सिद्धान्तों का विकास करना होता है, जिनसे इस बात की व्याख्या हो कि मानसिक प्रक्रियाओं को किस तरह से संगठित किया जाता है तथा वे किस प्रकार कार्य करते हैं।







# 7 राज्यों एवं 2 केंद्र शासित राज्यों के प्रतिभागियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे बिहार के 7 शिक्षक

अमरदीप नारायण प्रसाद

सीआईईटी-एनसीईआरटी नई दिल्ली में 18 से 20 अक्टूबर तक पीएम ई विद्या डीटीएच चैनल हेतु ई सामग्री निर्माताओं के क्षमता वर्धन हेतु 7 राज्यों एवं 2 केंद्र शासित राज्यों के प्रतिभागियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे बिहार के 7 शिक्षक। पटना : अब पीएम ई विद्या डीटीएच चैनल पर बिहार मे पढ़ने वाले पहली से बारहवीं कक्षा के सभी छात्र एवं छात्राएं बिहार के कुशल शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के शैक्षिक वीडियो से घर बैठे प्राप्त कर पाएंगे विषय आधारित ई-शिक्षा। पटना......पीएम ई विद्या डीटीएच चैनलों के लिए ई कंटेंट विकास मे शामिल होने वाले पेशेवरों के कौशल को बढ़ाने और समृद्ध करने के उद्देश्य से सीआईईटी-एनसीईआरटी नई दिल्ली में 18 से 20 अक्टूबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है जिसमें बिहार, लद्दाख, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रशिक्षण में बिहार के वैसे शिक्षक जिनके पास स्क्रिप्ट लेखन, कैमरामैन, वीडियो एडिटर और निर्माता निर्देशक के रूप में कुछ अनुभव के साथ ई कंटेंट उत्पादन का पृष्ठभूमि ज्ञान या मौलिक कौशल है, वैसे 7 शिक्षकों को राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) पटना के संयुक्त निदेशक (डायट) डॉ. रश्मि प्रभा द्वारा निर्गत पत्र के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण में शामिल होने किए नामित किया गया है।

उक्त प्रशिक्षण मे बिहार से शामिल होने वाले चयनित 7 शिक्षकों में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अनिल कुमार सिंह, आदर्श कन्या प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़, कैमुर, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक हरिदास शर्मा, आर.के.एम.एस. डहरक, कैमूर, कमलेश कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरदासपुर, कुदरा, कैमूर, मनोज कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय अल्लीपुर हट्टा, महनार, वैशाली, राजकीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक धीरज कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा, भभुआ, कैमूर, राजीव कुमार सुमन, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तूफानगंज, रहुई, नालंदा एवं केशव कुमार बुनियादी विद्यालय बखरी, मुरौल, मुजफ्फरपुर का नाम शामिल है।

उक्त प्रशिक्षण में शामिल होने वाले बिहार के सभी शिक्षकों को बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर पटना जिले के शिक्षक शिव कुमार ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि बिहार के लिए ये गर्व की बात है कि अब आने वाले समय में पीएम ई विद्या डीटीएच चैनल पर बिहार में पढ़ने वाले वर्ग 1 से 12 के सभी छात्र एवं छात्राएं बिहार के कुशल शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का शैक्षिक वीडियो के माध्यम से ई-शिक्षण प्राप्त कर पाएंगे।

उक्त जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता अररिया जिले के शिक्षक रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक पूर्वी चंपारण जिले के शिक्षक मृत्युंजय ठाकुर ने संयुक्त रूप से दी।





# Thank You

अगर आपको पत्रिका अच्छी लगी हो तो कृपया इसे अधिक से अधिक शेयर करे।

यदि आपके कोई सुझाव हो तो 9431680675 पर संपर्क कर सकते है।